**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 03.07.2026**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **परिवार परामर्श केन्द्र पुलिस टीम द्वारा परिवारिक विवाद/मतभेद को समाप्त कराते हुए दो परिवारों को टूटने से बचाया ।आपसी मतभेद को भूल खुशी-खुशी रहने को हुए तैयार ।**

**विवरण-** पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में सामाजिक रिश्तों को बचाने हेतु किये जा रहे प्रयासों के क्रम में परिवार परामर्श केन्द्र बांदा पुलिस टीम द्वारा परिवारिक आपसी झगड़े को समाप्त कराकर सुलह कराते हुए 02 परिवारों को टूटने से बचाया। गौरतलब हो कि थाना कोतवाली नगर क्षेत्र की रहने वाली सना तथा थाना कोतवाली देहात क्षेत्र की रहने वाली राधिका द्वारा अपने पारिवारिक मतभेद को लेकर पुलिस अधीक्षक बांदा के समक्ष प्रार्थना पत्र दिया गया था। पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा प्रार्थना पत्र के निस्तारण हेतु प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र निरीक्षक श्री अखिलेश प्रताप सिंह को निर्देशित किया गया। परिवार परामर्श केंद्र की टीम द्वारा शिकायतकर्ताओं की दोनों पक्षों की बातों/शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर एवं समझकर दोनों पक्षों की काउंसलिंग की गई तथा उनकी समस्याओं को आपसी संवाद के माध्यम से मतभेदों को दूर कर दोनो पक्षों को समझाया गया। दोनों पक्षों ने भविष्य में आपसी विवाद एवं लड़ाई-झगड़ा न करने, एक-दूसरे के प्रति सम्मान एवं विश्वास बनाए रखने तथा अपने पारिवारिक दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का आश्वासन दिया। आपसी सहमति एवं सुलह होने पर परिवार परामर्श केंद्र की टीम द्वारा दोनों पक्षों को प्रेम, सहयोग एवं सामंजस्य के साथ वैवाहिक जीवन व्यतीत करने तथा पारिवारिक दायित्वों का समुचित रूप से निर्वहन करने की सलाह एवं शुभकामनाएं दी गई।

**समझौता कराने वाली टीम:-**

1. निरी0 श्री अखिलेश प्रताप सिंह
2. म0हे0कां0 शिवकली
3. म0कां0 अनीता